राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

आइसक्रीम खाने में मजा तो आता है ...7



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 06 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 135 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव में किसका पलड़ा भारी? भाजपा–कांग्रेस के बीच दिख रहा शानदार मुकाबला

बंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अपने आखिरी चरण में है। तमाम राजनीतिक दलों ने कर्नाटक में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। हालांकि, राज्य में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। लेकिन जीडीएस को भी कम नहीं आंका जाना चाहिए और वह किंगमेकर की भूमिका में आ सकती है। इसको लेकर लगातार ओपिनियन पोल आ रहे हैं। ज्यादातर ओपिनियन पोल में कांग्रेस को बढ़त दिखाई दे रही है। तो वहीं जी न्यूज–डंजतप्रम के सर्वे में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरते दिख रही है। फिलहाल कर्नाटक में चुनावी वादों का भरमार है। सभी दल अपने अपने स्तर पर इन लोगों को साधने की कोशिश में जुटे हुए हैं। एबीपी–सी वोटर के ओपिनियन पोल की मानें तो कर्नाटक में कांग्रेस के लिए अच्छी खबर है। भाजपा और जेडीएस को नुकसान हो सकता है। एबीपी–सी वोटर के ओपिनियन पोल के मुताबिक 224 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस को 107 से 119 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा के खाते में 74 से 86 सीटें मिलने की संभावना है जबकि जेडीएस के पास 23 से 35 सीटें जा सकती है। वोट शेयर के मामले में भी भाजपा को नुकसान होता दिख रहा है। कांग्रेस के पास वोट शेयर 40: तक जा सकती है जबकि भाजपा के पास 35 फीसदी रहने की संभावना है। जेडीएस को 17 फीसदी वोट मिल सकते हैं। इंडिया टुडे सी वोटर के मुताबिक भी कर्नाटक में भाजपा के लिए अच्छी खबर नहीं है। 2018 की तुलना में पार्टी को 24 सीटें कम मिलेंगी। पार्टी को 74



से 86 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। ओपिनियन पोल में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भी लोगों से राय मांगा गया। ताजा सर्वे के मुताबिक सिद्धारमैया अभी भी मुख्यमंत्री पद की रेस में लोगों की पसंद है। 42: लोगों ने मुख्यमंत्री के तौर पर देखना चाहते हैं। वहीं भाजपा के बसवराज बोम्मई को 31 फीसदी लोग मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। एनडीटीवी और सीएसडीएस के सर्वे में 40 फीसदी लोगों ने सिद्धारमैया को सीएम कैंडिडेट के तौर पर पसंद किया है। वहीं, बसवराज बोम्मई को सिर्फ 42 फीसदी लोग ही सीएम के तौर पर देखना चाहते हैं। एचडी कुमारास्वामी को 15 फीसदी, डीके शिवकुमार को चार और बीएस येद्दयुरप्पा को पांच फीसदी लोग सीएम के तौर पर देखना चाहते हैं। मुख्य चुनावी मुद्दों की बात करें तो यहां 67 फीसदी लोगों का मानना है कि महंगाई ज्यादा हुई है। गरीबी को लेकर भी लोगों ने चिंता जाहिर की है। 51: लोगों ने दावा किया है कि भाजपा के सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा है। वहीं, 35 फीसदी लोगों को इसमें कोई अंतर नजर नहीं आया। जी न्यूज–डंजतप्रम के सर्वे की माने तो भाजपा वहां सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर सकती है। भाजपा को 103 से 115 सीटें मिल सकती है जबकि कांग्रेस के साथ में में 79 से 91 सीटें जा सकती हैं। जेडीएस 26 से 36 सीटों के साथ तीसरे नंबर पर रहेगी जबकि 1 से 3 सीट अन्य के खाते में जाएगी। वोट शेयरों की बात करें तो यहां भाजपा को 42 फीसदी, कांग्रेस को 40 फीसदी और जेडीएस को 15 फीसदी मिलती हुई दिखाई दे रही है। वर्तमान में कर्नाटक में देखें तो राजनीतिक वार–पलटवार का दौर जबरदस्त तरीके से जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब भाजपा के प्रचार की कमान खुद संभाल ली है। वह लगातार कर्नाटक का दौरा कर रहे हैं। लोगों के बीच जा रहे हैंऔर कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साध रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पीएफआई, आरक्षण, बजरंग दल फिलहाल बड़े मुद्दे बन चुके हैं।

## द केरला स्टोरी की चर्चा कर मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

### बोलेः आतंकी प्रवृतिवालों से ये राजनीतिक सौदेबाजी कर रहे

बल्लारी। कर्नाटक चुनाव को लेकर प्रचार लगातार जारी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बल्लारी के म्युनिसिपल हाई स्कूल ग्राउंड में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने देश की व्यवस्थाओं के साथ ही देश की राजनीति को भी भ्रष्ट करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में कांग्रेसे ने भारत की राजनीति में एक और बीमारी पैदा कर दी है। चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस पैसों के दम पर अपने इको सिस्टम के दम पर झूठे नैरेटिव गढ़ती है। कांग्रेस की कोशिश होती है कि ऐसा करके वे जनता को भ्रमित कर दें। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में ढेर सारे झूठे वायदें है। उन्होंने कहा कि




कांग्रेस का घोषणा पत्र मतलब तालाबंदी और तुष्टिकरण का बंडल है। अब तो कांग्रेस की हालत इतनी बुरी है कि उनके पैर कांप रहे हैं और इसलिए कांग्रेस को मेरे जय बजरंग बली बोलने पर भी आपत्ति होने लगी है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था, लॉ एंड ऑर्डर सबसे प्रमुख आवश्यकता है। कर्नाटक का आतंकवाद से मुक्त रहना भी उतना ही जरूरी है। भाजपा हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ कठोर रही है। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि जब भी आतंकवाद पर कार्रवाई होती है कांग्रेस के पेट में दर्द होने लगता है। मोदी ने द केरल स्टोरी फिल्म का जिक्र किया और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आकंती प्रवृतिवालों से ये राजनीतिक सौदेबाजी कर रहे। मोदी ने कहा कि फिल्म केरला स्टोरी इन दिनों चर्चा में है। मेहनती, प्रतिभाशाली और बौद्धिक लोगों की खूबसूरत भूमि के लिए जाने जाने वाले राज्य केरल में कैसे आतंकवादी साजिशों को बढ़ावा दिया जा रहा है, इस फिल्म से पता चलता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वोट बैंक के डर की वजह से आज कांग्रेस आतंकवाद के खिलाफ एक शब्द बोलने की भी हिम्मत खो चुकी है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की इसी राजनीति की वजह से कांग्रेस ने आतंकवाद को पाला–पोषा और उसे पनाह दी। उन्होंने कहा कि मैं ये देख कर हैरान हूं कि अपनी वोट बैंक के खातिर कांग्रेस ने आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए हैं। ऐसी पार्टी क्या कभी भी कर्नाटक की रक्षा कर सकती है? आतंक के माहौल में यहां के उद्योग, प्ज इंडस्ट्री, खेती, किसानी और गौरवमयी संस्कृति सब कुछ तबाह हो जाएगी।

## राजौरी में सुरक्षाबलों–आतंकियों के बीच मुठभेड़, 5 जवान शहीद, सर्च ऑपरेशन जारी

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले के कंडी इलाके में शुक्रवार सुबह दो से तीन आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और एक अधिकारी सहित चार अन्य घायल हुए है। सेना के अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी उसी समूह से संबंधित हैं, जिसने 20 अप्रैल को सेना के एक ट्रक पर घात लगाकर हमला किया था जिसमें कम से कम पांच सैनिक मारे गए थे और एक अन्य घायल हो गया था। भारतीय सेना ने बताया कि संयुक्त अभियान के दौरान, राजौरी के कंडी जंगल में, आतंकवादियों ने जवाबी कार्रवाई में एक विस्फोटक उपकरण चलाया।



एक अधिकारी सहित चार और सैनिकों के घायल हुए है। वहीं, दो जवान शहीद हुए हैं। भारतीय सेना ने यह भी बताया कि आसपास से अतिरिक्त टीमों को मुठभेड़ स्थल के लिए निर्देशित किया गया है। घायल कर्मियों को उधमपुर के कमांड अस्पताल ले जाया गया है। शुरुआती खबरों के मुताबिक इलाके में आतंकियों का एक समूह फंसा हुआ है। आतंकी गुटों के हताहत होने की संभावना है। ऑपरेशन जारी है। एनकाउंटर ऑपरेशन अभी भी जारी है। इस बीच, गुरुवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजभेरा इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की, जिसमें एक पुलिस कर्मी मामूली रूप से घायल हो गया था।

## विवाद के बीच डीके शिवकुमार ने हनुमान मंदिर का किया वादा, अनुराग ठाकुर ने ऐसे किया वार




नई दिल्ली। कांग्रेस के घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध को लेकर उठे विवाद के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता और केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सत्ता में आने के बाद राज्य में भगवान हनुमान मंदिर के निर्माण का वादा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो कर्नाटक में मौजूदा हनुमान मंदिरों का विकास किया जाएगा। इसको लेकर भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति कांग्रेस को इतना डूबाती है और इतना गिराती है कि फिर संभले नहीं संभल पाती है। उन्होंने कहा कि कभी बाटला हाउस कांड के आतंकवादियों के घर जाकर सोनिया गांधी फूट–फूट कर रोती हैं। कभी मोदी जी को मौत का सौदागर कहती हैं। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि कभी बजरंग बली के खिलाफ ही कांग्रेस पार्टी खड़ी हो जाती है। जब इन्होंने हिंदू आतंकवाद कहा कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी है। बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में पीएफआई और बजरंग दल की बराबरी करने पर कांग्रेस पार्टी की आलोचना की है। कर्नाटक में अपने चुनावी संबोधन के दौरान भी पीएम नरेंद्र मोदी ने श्जय बजरंगबलीश के नारों के साथ अपने भाषण का अंत किया।

## बंगला विवाद पर भाजपा ने केजरीवाल को घेरा

### सुधांशु त्रिवेदी बोलेः सद्दाम हुसैन और किम जोंग जैसा बनवाया महल

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास के सौंदर्यीकरण को लेकर राजनीति तेज है। भाजपा अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साध रही है। आज एक बार फिर से भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साफ तौर पर कहा कि अरविंद केजरीवाल को नैतिकता के आधार पर जवाब देना चाहिए। अपने बयान में त्रिवेदी ने कहा कि केजरीवाल के आलीशान महल से उनके बारे में कई सच्चाईयां खुलती हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के महल में जिस तरह का वैभव दिखाता है, वह सद्दाम हुसैन और किम जोंग के महलों जैसा लगता है! उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि इस तरह केजरीवाल की पार्टी ने न केवल श्राष्ट्रीय कदश, बल्कि श्अंतर्राष्ट्रीय कदश भी हासिल किया है! अपना हमला जारी रखते हुए भाजपा नेता ने दावा किया कि उनके आलीशान महल में सेंसर वाले दरवाजे हैं। उन्होंने कहा कि श्रिमोटश से सब कुछ नियंत्रित करते हैं केजरीवाल, यहां तक घ्कि उनकी पार्टी भी। यह पंजाब सरकार को भी श्रिमोटश से नियंत्रित करता है! उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद ऐसे ही लोगों (केजरीवाल) के लिए लिखा गया है– विद्युत की इस चकाचौंध में देख दीप की लौ रोती है, अरे हृदय को थाम महल के लिए झोपड़ी बलि होती है।







# सांसद हरीश द्विवेदी ने गिनाई उपलब्धिया: भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आवाहन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर पालिका परिषद चुनाव में जीत सुनिश्चित कराने के लिये भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत लगा दिया है। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' के संयोजन में वार्ड नं. 11 पठान टोला में प्रबुद्धजनों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एवं सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करा रही है। उन्होने भाजपा अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सीमा खरे और वार्ड नं. 11 पठान टोला से भाजपा सभासद निर्मला एवं अन्य प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि पात्रों में निःशुल्क खाद्यान्न, आवास के साथ ही स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, गैस पाइप लाइन के द्वारा घर–घर घरेलू गैस पहुंचाने के साथ ही निरन्तर विकास कार्य किये जा रहे हैं। कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर विकास कार्य और तेज होगा। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्कन्द कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित नागरिकों से भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह किया।




कार्यक्रम संयोजक सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों की जीत से विकास की गति और तेज होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद गुप्ता, विद्यामणि सिंह, अभिनव उपाध्याय, सुनील गुप्ता, ओम प्रकाश ठाकुर, पंकज सिंह, अजीत सिंह, मोहन सोनकर, दीपक रावत, भीम सिंह, अमर सोनकर, राजकुमार चौधरी, विनोद यादव, गुड्डे भैया, मोहन गुप्ता, लक्ष्मण सोनकर, शालिनी कसौधन, वंदना रावत, रेनू सिंह, रामू कश्यप के साथ ही भाजपा के अनेक कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ का व्यापार कर रहा टैंकर जब्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

बभनजोत,गोण्डा। खोड़ारे थाना क्षेत्र में




अवैध टैंकर के माध्यम से अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ का व्यापार करते हुए टैंकर जब्त कर पूर्ति निरीक्षक बभनजोत शिवप्रकाश आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3ध्7 में दो लोगो पर मुकदमा दर्ज कराई। पूर्ति निरीक्षक बभनजोत शिवप्रकाश ने बताया कि विगत 1 मई को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि कुकनगर ग्रांट के आजाद नगर बाजार में विनय कुमार यादव व राजेश यादव द्वारा अवैध रूप से पेट्रोलियम का व्यापार किया जाता है, जिसकी जांच मेरी संयुक्त टीम द्वारा की गई। जांच में पाया गया कि उपरोक्त लोगो द्वारा पेट्रोल पंपों से डीजल खरीदकर चलायमान वहां ट्रैक्टर आदि चलित उपकरणों में बिना फुटकर बिक्री लाइसेंस के कथित डीजल की बिक्री की जा रही है,जिसकी पुष्टि जांच के दौरान ट्रैक्टर में डीजल भरते हुए पाया गया। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि उपरोक्तगण बाबू फ्यूल सर्विसेस प्रा०ली० के वाहन से इंडियन ऑयल के गोंडा डिपो के बजाय पेट्रोल पंप से डीजल खरीदकर बिना फुटकर डीजल बिक्री लाइसेंस के टैंकर में कथित डीजल भंडारित कर आजाद नगर बाजार में 90.90ध प्रति लीटर डीजल की बिक्री की जा रही थी। जिसपर कार्यवाही करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3ध्7 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी खोड़ारे सुरेश वर्मा ने बताया कि टैंकर में कब्जे में लिए लिया गया और मुकदमा लिख विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बाइक से गिरकर महिला हुई घायल सूचना पाकर पहुंची पुलिस उपचार के लिए भेजवाया अस्पताल





दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोंडा। गोंडा उतरौला मार्ग पर बाइक से गिरकर महिला हुई घायल। उपचार के लिए पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को भेजवाया अस्पताल। देहात कोतवाली के अंतर्गत आने वाले पुलिस चौकी सालपुर उपनिरीक्षक लाल बहादुर सिंह ने बताया कि गोंडा उतरौला मार्ग पर ग्राम सभा खरहंटिया के विश्वागनेश के पास गोंडा की तरफ से आ रही बाइक पर बैठी महिला अचानक रोड पर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी सूचना वहां पर मौजूद लोगों ने पुलिस चौकी सालपुर पुलिस को दी। सूचना पाकर हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस को बुलाकर घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। उपनिरीक्षक लाल बहादुर सिंह ने बताया कि बाइक सवार महादेव प्रसाद पुत्र छांगुर निवासी पिपरा–भिटौरा थाना मोतीगंज ने पूछने पर बताया कि किसी काम से अपनी पत्नी और बहू के साथ बाइक से गोंडा गए हुए थे। गोंडा से घर वापस आते समय विश्वागनेश के पास गोंडा उतरौला मार्ग पर बाइक पर बैठी बहू को अचानक चक्कर आ गया और बाइक से रोड पर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उप निरीक्षक लाल बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना पाकर हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया है। वहां पर मौजूद लोगों ने पुलिस की काफी सराहना की।

# जगह–जगह पर लगाये जा रहें हैं कयास चाय पान की दुकानों पर हो रही वार्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। नगर पालिका परिषद, उतरौला नगर पालिका,तुलसीपुर नगर पंचायत गैसड़ी नगर पंचायत वा पचपेड़वा नगर पंचायत में नगरीय पंचायत चुनाव का प्रथम चरण समाप्त हो चुका है सभी पदों के प्रत्यासियो के भाग्य का फैसला बक्से में बंद है। मतदान के बाद से ही लोग कयास लगाना शुरू कर दिए है कौन जीतेगा किसके सर पर ताज होगा। किसने किसको वोट किया कितने मुस्लिम प्रत्यासी और कितने हिन्दू प्रत्यासी मैदान में थे, कौन किस पर भारी पड रहा है हर शादी पार्टियों तक यही चर्चा होती है कौन निकाल रहा है चुनाव उतरौला में लोगों का कहना है कि अनूप कमल खिला सकते हैं वही बलरामपुर में भी धीरेंद्र सिंह धीरू कि लोग आशा करते हैं इसी प्रकार गैसड़ी पचपेड़वा मैं भी लोगों का कहना है कि कमल खिल सकता है जबकि तुलसीपुर नगर पंचायत मैं लोगों का कहना है कि कमल और निर्दलीय प्रत्याशी का एक ऐसा फिरोज के बीच कड़ी टक्कर है दो 300 के अंतर से चुनाव कोई भी चीज सकता है।

# धर्मसिहवा क्षेत्र में डीएम व एसपी ने फ्लैग मार्च कर निर्भीक व शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्य जीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से नगर निकाय सामान्य



निर्वाचन–2023 को शान्ति एवं सकुशल संम्पन्न कराये जाने व चुस्त–दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना ध र्मसिंहवा अन्तर्गत बरगदवा माफी गांव में मय पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर निर्भीक व शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया गया। अधिकारीद्वय द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से आदर्श आचार संहिता के पालन की अपील की गई व जगह–जगह रुककर आम जनता से बातचीत की गई तथा भयमुक्त वातावरण में मतदान करने का संदेश दिया गया साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले व शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गयी। गश्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद संतकबीरनगर पुलिसध्प्रशासन शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेहदावल योगेश्वर सिंह, ओएसडी बलदाऊ शर्मा, सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगणध्पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक गोंडा ने नगर निकाय चुनाव में जनता का सहयोग मिलने पर दिया धन्यवाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर थाना प्रभारी




निरीक्षक धानेपुर ने नगर निकाय चुनाव 2023 में जनता का सहयोग मिलने पर जिले वासियों को दिया धन्यवाद जनपद गोंडा केकई स्थानों पर बृहस्पतिवार को नगर निकाय चुनाव था और बृहस्पतिवार को मतदान होना था जिसमें जनपद के सभी स्थानों पर जिस जिस स्थान पर नगर निकाय चुनाव होना था वहां की जनता ने बढ़–चढ़कर वोट किया और शांति व्यवस्था बनाए रखा शांति व्यवस्था के साथ नगर निकाय चुनाव संपन्न हुआ जगह–जगह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस कर्मी तैनात रहे शांतिपूर्ण ढंग से नगर निकाय चुनाव संपन्न हो जाने से जिले वासियों को पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर तथा धानेपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मानंद सिंह ने सभी को दिल से धन्यवाद दिया और कहा कि इसी तरह चाहे चुनाव हो चाहे त्यौहार हो सभी का सहयोग बना रहे और सभी लोग एक दूसरे के साथ बने रहे जिससे कि जिले में शांति व्यवस्था अमन–चौन कानून व्यवस्था बनी रहे बृहस्पतिवार को जिले में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया जिसमें जिले वासियों का काफी सहयोग रहा वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए जहां भी वोटिंग हो रहा था उस पोलिंग पर पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था कुल मिलाकर जिले में नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ इसके लिए पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर तथा धानेपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मानंद सिंह ने क्षेत्रवासियों वा जिला वासियों को धन्यवाद दिया।

# पूर्व विधायक और पूर्व प्रधान के समर्थक के बीच मारपीट

## चुनाव को विवादित बनाने का प्रयास कर रहे विपक्षी–दयाराम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। नगर पंचायत गनेशपुर में पहली बार चुनाव हो रहा है। प्रचार के दौरान गुरुवार की रात पूर्व विधायक और पूर्व प्रधान समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट व पथराव का आरोप लगाते हुए वाल्टरगंज थाने में तहरीर दिया है। मारपीट व गाली गलौज का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस सूत्रों की माने तो नगर पंचायत गनेशपुर के वार्ड नंबर पांच में गुरुवार की रात करीब 11 बजे पूर्व विधायक दयाराम चौधरी और पूर्व प्रधान अब्दुल मोईद उर्फ रहमान के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। यह मारपीट पूर्व प्रधान के घर के सामने हुई। पुलिस को दी तहरीर में अब्दुल मोईद उर्फ रहमान ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत गनेशपुर से भाजपा प्रत्याशी सोनमती के पति और पूर्व विधायक दयाराम चौधरी अपने समर्थकों के साथ मेरे घर पर चढ़ गए। गाली गलौज करते



हुए मेरे साथी जाहिद अंसारी की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इस बात की तहरीर वाल्टरगंज पुलिस को देते हुए पूर्व प्रध ाान ने मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने बताया कि वार्ड नंबर पांच में मेरे समर्थक अपने कार्यकर्ताओं से मिलने गए थे। वहां से वापस लौटते समय रहमान और उनके समर्थकों ने अपने दरवाजे पर कार्यकर्ताओं को रोक लिया। गाली गलौज करते हुए पूछा कि तुम भाजपाइयों की हैसियत कैसे हो गई कि इस क्षेत्र में प्रचार करने आ गए। इस बात को लेकर के मेरे समर्थक और रहमान व उनके आदमियों के बीच तू–तू मैं–मैं, गाली–गलौज होने लगई। मेरे समर्थक अपनी जान बचाकर वहां से आगे बढ़ने लगे तो रहमान के समर्थक उनके छत से फायरिंग करते हुए ईट पत्थर चलाने लगे। किसी प्रकार भाजपा कार्यकर्ता वहां से जान बचाकर भागे। इस मामले में रजनीश वर्मा ने वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। उच्च अधि ाकारियों को जानकारी दे दी गई है। जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# अपने पति की आदतों से परेशान पत्नी बच्चों समेत आत्महत्या की दी चेतावनी

## दो माह पूर्व पत्नी और उसके चारों बच्चों को छोड़कर अनीता नाम की एक अन्य महिला को लेकर भाग गया पति



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासिनी महिला ने सीएम को पत्र भेजकर स्वयं व बच्चों सहित आत्महत्या कर लेने की धमकी दी है। चौबेपुर गाँव निवासी महिला पूना पत्नी पन्ने ने बताया कि उसका पति पन्ने पुत्र धोबी करीब दो माह पूर्व उसे और उसके चारों बच्चों को छोड़कर अनीता नाम की एक अन्य महिला को लेकर भाग गया है। उस महिला के भी 05 बच्चें हैं। बीते दो माह से पूना और उसके बच्चे अपने पिता की तस्वीर लेकर उसे ढूंढ रहे हैं। इस बीच कई बार पूना ने स्थानीय थाने सहित जिले के आला अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या भी बताई लेकिन कोई हल नहीं निकला। अब पूना हताश हो चुकी है। उसने बताया कि वह और उसके बच्चे दाने–दाने को मोहताज हैं पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा पति को ढूंढने में कोई मदद नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे गए पत्र में उसने कहा है कि मेरे पति को ढूंढने में मदद की जाये अन्यथा वह और उसके 04 बच्चे आत्महत्या करने को विवश होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# सावधानी हटी दुर्घटना घटी, डमी प्रत्याशियों से सावधान रहें: राघवेन्द्र प्रताप सिंह





दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज सिद्धार्थनगर शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं० 16 मोदी नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी बीना देवी के समर्थन में जन आशीर्वाद सभा आयोजित किया गया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए बताया कि मोदी योगी के नेतृत्व में विकास की जो गंगा बही है उसको और तीव्र गति देने के लिए और नगर पंचायत के हर गली मोहल्ला सुंदर स्वच्छ चमकदार बनाने के लिए भाजपा को वोटकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाए। इस दौरान लोगों ने भाजपा को वोट देकर डुमरियागंज के विकास का डिब्बा ट्रिपल इंजन जोड़ने के लिए जनता ने संकल्प लिया। उन्होंने बताया की योगी सरकार में 200 करोड़ से अधिक की जमीन भूमफियाओं से खाली करवाई गई है लेकिन चुनाव में खड़े सभी प्रत्याशी की नजर उसी पर हैं की जैसे ही कुर्सी मिली करोड़पति हो जायेंगे। उन्होंने लोगों से डमी प्रत्याशीयों से सावधान रहने की अपील किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी बीना देवी ने कमल के फूल पर मोहर लगाकर वोट देने का अपील किया। जिला महामंत्री व प्रत्याशी के पति और पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मधुसूदन अग्रहरि ने बताया कि जब हम क्षेत्र में निकलते है तो क्षेत्र के लोग बताते हैं कि आपके समय में जो काम हुआ था वही हुआ हैं, नए अध्यक्ष ने केवल अपना विकास किया हैं इसलिए इस बार हम सभी लोग जातपात से हटकर विकास को वोट करेंगे, उनकी बातों का सभी ने समर्थनकर जय जयकार कर मोदी योगी के नारे लगाए। कार्यक्रम में नरेंद्र मणि त्रिपाठी, दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटू, राकेश शास्त्री, वीरेन्द्र राव, सन्तोष अग्रहरि उर्फ गुड्डू आदि ने सभा को सम्बोधित कर भाजपा को वोट देने की अपील किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेन्द्र त्रिपाठी व संचालन अखिलेश त्रिपाठी ने किया। इस दौरान हरीश पाण्डेय, हरिश्चंद्र सोनी, गंगाराम शर्मा, बब्बुन यादव, महेश शर्मा, राधेश्याम गुप्ता, पप्पू यादव, पंकज मौर्या, अजय तिवारी आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने वार्डों में किया जनसंपर्क

*डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। शुकवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं० 13 लक्ष्मण नगर व वार्ड नं०15 गांधी नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी बीना देवी के समर्थन में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने सभी से भाजपा को वोट देने का आवाहन किया। इस दौरान स्थानीय विधायक की टिप्पणी पर कटाक्ष करते हुए बोले की योगी के पास क्षेत्र के विकास कार्य के लिए हमारा तो गोरखपुर आना जाना हैं पर आपको पति के साथ ससुराल कब जाना हैं।*

## भारी मतों से बांसी में खिलेगा कमल: सांसद जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बासी,सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता





पार्टी उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव 2023 का रथ नगर पालिका परिषद बांसी में आया रथ में सांसद जगदंबिका पाल स्थानीय विधायक राजा जय प्रताप सिंह जिला संयोजक कन्हैया पासवान जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी दिलीप चतुर्वेदी नीरज मणि ने नगर पालिका परिषद बांसी में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पूनम जायसवाल के लिए रथ पर सवार होकर लोगों से बांसी में कमल खिलाने की अपील किया सांसद जगदंबिका पाल ने कहा भाजपा का यह रथ केवल रथ नहीं बल्कि विजय रथ बन कर बांसी में आया है इस बार बहुत अधिक मतों से बांसी में कमल खिलेगा शुक्रवार को लोग बांसी में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने को बेताब है अपार जनसमूह इस रथ के साथ चल रहा है।

# नगर पालिका जन समपर्क अभियान

## सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई में गोविन्द माधव ने मांगा वोट

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर में में भाजपा





प्रत्याशी गोविंद माधव ने शुक्रवार को जगदंबिका पाल के नेतृत्व में लगातार नगरपालिका के विभिन्न भागों में जाकर जनसंपर्क कर अपने पक्ष में वोट मांगा गोविंद माधव ने कहा कि मेरे पिता ने इस कपिलवस्तु को काफी कुछ दिया है एक बार मुझे भी मौका मिलना चाहिए। इस दौरान उनके साथ सांसद जगदंबिका पाल ,सदर विधायक श्याम धनी राही सहित सैकड़ों कार्यकर्ता बाजूद रहे

## सपा प्रत्याशी के लिए आलोक तिवारी ने संभाला कमान,मांगा वोट

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के समाजवादी



पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामसेवक लोधी ने नगर पालिका परिषद के विभिन्न मोहल्लों में जनसंपर्क कर मतदान करने की अपील की रामसेवक लोधी ने कहा कि आज भ्रष्टाचार अपने चरम पर है मुझे एक मौका दें मैं इसे पूरी तरीके से नगरपालिका से मिटा कर रहूंगा जो भी सुविधायें बड़े महानगरों में मिलती है वह सारी सुविधाएं यहां दूंगा इस दौरान रामसेवक लोधी आजाद नगर ,तिलक नगर, दीनदयाल नगर सहित विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया।

## 5 साल और दे मौका सारे अधूरे काम होंगे पूरे

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। नगर पालिका सिद्धार्थनगर में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मैं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल पुनः एक बार मैदान में पकड़ बनाए हुए हैं। आपको बता दें कि श्याम बिहारी जयसवाल के लिए डॉ चंद्रेश उपाध्याय ने कमान संभाला है उनके साथ ही उनकी धर्मपत्नी सलोनी उपाध्याय भी लगातार वोट





मांगती नजर आ रही हैं जनसंपर्क के दौरान लगातार श्याम बिहारी जयसवाल एक बार फिर मौका देने की बात कर रहे हैं। श्याम बिहारी जयसवाल ने कहा कि विगत 5 वर्षों में 2 साल करोना में कोई कार्य नहीं हुआ शेष 3 सालों में जो भी काम मैंने किया है वह आपके सामने है एक बार फिर मौका दें जो भी अधूरे काम रह गए हैं उन सब को पूरा करूंगा मेरे साथ धोखा हुआ है यह आप सभी लोग जानते हैं जितना का काम मेरे कार्यकाल में किया गया है वह सब आपके सामने है इतना काम पूर्व के किसी नगर पालिका अध्यक्ष ने नहीं किया था अभी नगरपालिका में बहुत ही विकास करना है जिसकी रूपरेखा मेरे पास तैयार है मैं सभी से अपील करता हूं कि मेरा साथ दें मुझे नगर पालिका अध्यक्ष के तौर पर एक बार मौका दें श्याम बिहारी जयसवाल जनसंपर्क के दौरान सुभाष नगर, भगत सिंह नगर, रामप्रसाद नगर, डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम नगर, गोरखपुर हनुमंत नगर आदि स्थानों पर लगातार जनसंपर्क कर लोगों से वोट की अपील कर रहे हैं।

## नगर पालिका में भ्रष्टाचार व्याप्त हो चुका है जिसे मिटाना जरूरी है:राकेश दत्त त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर में बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश दत्त त्रिपाठी ने शुक्रवार को नगरपालिका के विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ सभा लगाकर लोगों से वोट की अपील की राकेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि आज नगर पालिका परिषद को भाजपा के अध्यक्षों ने पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में व्याप्त कर दिया है जहां करोड़ों रुपए नगरपालिका के नुकसान हुए हैं वही पीने के पानी आदि के





लिए लोगों को तरसना पड़ा है काशीराम आवास, गोरखक्षपुरम, आजाद नगर आदि वार्डो में जहां जलजमाव की स्थिति लगातार बनी हुई है वही भाजपा के पूर्व नगरपालिका अध्यक्षओ ने नगरपालिका में भ्रष्टाचार व्याप्त कर रखा है जिसे मिटाना जरूरी है यदि आपका वोट मिला तो मैं नगर पालिका को फिर से सजाने और संवारने का काम करूंगा कोई भी काम अधूरा नहीं रहेगा यह आप सभी से वादा है युवाओं से अपील करते हुए राकेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि यह चुनाव प्रत्याशी के ऊपर हो रहा है मैं आज आपके बीच में हूं कल भी आपके साथ रहूंगा।

## जनता की अदालत में हूं मिलेगा न्याय:राजू सिंह



दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद में निर्दलीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पूर्व ब्लाक प्रमुख राजू सिंह एवं उनकी पत्नी संजू सिंह लगातार लोगों से समर्थन मांगती हुई नजर आ रही है राजू सिंह ने वोट मांगते हुए लोगों से कहा कि आज मैं जनता की अदालत में हूं अब जनता को देखना है कि उन्हें सेवक चाहिए या पेटी भर भर के पैसे लूटने वाले चाहिए, इससे पहले नगरपालिका में जहां भाजपा के ही अध्यक्ष रहे हैं वहीं फिर से गलती को ना दोहराएं एक अच्छे प्रत्याशी को अपना वोट दें जिससे आपके सारे काम को करवा सकें मैं आपके बीच से आया हूं आपकी सारी समस्याएं जानता हूं आप का मौका मुझे मिलता है तो मैं सारी समस्याओं को दूर करूंगा यह आप सभी से वादा है।

## चमन आरा के जनसंपर्क अभियान से पारा गर्म

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बासी,सिद्धार्थनगर। चमन आरा के भावुक अपील से जहां वोटर







उनके फेवर में आ रहे हैं वहीं उनके समर्थकों में भी जोश बढ़ता जा रहा है। आपको बता दें कि पिछले कार्यकाल में अध्यक्ष रहने पर नगरपालिका बासी के लिए कई अच्छे काम किए थे जिनको लोगों के सामने रखकर लगातार मतदान की अपील कर रही हैं। और अपने फेवर में वोट डालने की मांग कर रही हैं चमन आरा जहां महिलाओं के बीच में काफी लोकप्रिय हैं वहीं उनके द्वारा बाढ़ के दौरान लोगों की सहायता करती हुई फोटो सोशल मीडिया पर अक्सर देखने को मिल जाती है जिसको लेकर महिलाओं में उनकी पकड़ कितना है यह बता रही है अभी पिछले दिनों ही सपा ने नगर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क कर अपनी ताकत दिखाई है जो लगातार चल रहा है। पिछले दिनों सपा द्वारा जनसंपर्क करके विपक्ष को अपने ताकत का एहसास कराया। जनसंपर्क में उमड़े जनसैलाब को देखकर लोग भौंचक्के रह गए। बांसी के कई वार्डों में जनसंपर्क के दौरान सपा को विजय दिलाने का आह्वान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चमन आरा राइनी ने कहा कि मेरे लिए पूरा नगर पालिका मेरे परिवार के समान है। हर खुशी व गम में मैं शामिल होती हूं। मैं केवल अध्यक्ष हूं बाकी सारा फैसला नगर वासी ही करते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। जनसंपर्क के दौरान नरकटहा देवियापुर, पटेल नगर, इंदिरा नगर, प्रताप पुर नगर, राम गढ़ ताल, मंगल बाजार आदि वार्डो में लोगों द्वारा पूरा समर्थन किया गया।

## सम्पादकीय

**हंगाई को शामिल कर लें तो ये देश पहली बार 1989 सैन्य खर्च के आंकड़े के पार गए हैं। यह वो साल था जब शीतयुद्ध खत्म हुआ। मध्य और पश्चिमी यूरोप में ब्रिटेन ने सबसे ज्यादा 68.5 अरब डश्वलर खर्च किये है। इनमें से करीब 2.5 अरब डॉलर यूक्रेन को आर्थिक सैन्य सहायता के रूप में दिए गए। एक तरफ रक्षा पर यूरोपीय देशों को अधिक...**

# इतना महंगा यूक्रेन युद्ध



एक तरफ रक्षा पर यूरोपीय देशों को अधिक खर्च करना पड़ा, दूसरी तरफ रूस पर प्रतिबंध लगाने के कारण उन्हें ऊर्जा संकट और असामान्य महंगाई का भी सामना करना पड़ा है। परिणाम सामाजिक अशांति के रूप में सामने आया है। यूरोप को यूक्रेन युद्ध की बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। उस पर पड़ा बोझ दीर्घकालिक है। यूक्रेन युद्ध का नशा वहां की सरकारों पर इतना छाया कि उन्होंने अपने लिए लाभ की उस स्थिति को भी छोड़ दिया, जो उन्हें दूसरे विश्व युद्ध के बाद से मिली हुई थी। लाभ की इस स्थिति का यूरोप के विकास और वहां के समाजों को समृद्ध बनाए रखने में भारी योगदान था। यह रक्षा खर्च सीमित रखने का लाभ था, जिसकी वजह से यूरोपीय देश अपने पास मौजूद धन का बड़ा हिस्सा मानव विकास पर खर्च कर पाते थे। लेकिन अब सूरत बदल गई है। सेना पर होने वाला खर्च यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद के एक साल में नई ऊंचाई को छू गया है। बीते तीस सालों में पहली बार यूरोप में सेना पर खर्च में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल यह इजाफा 13 फीसदी का रहा। यूक्रेन को सैन्य मदद और रूस की तरफ से कथित खतरे की वजह से यूरोप को हथियारों पर बीते साल ज्यादा पैसे खर्च करने पड़े। नाटो के सदस्य देशों ने कुल मिला कर 2022 में 1,232 अरब डॉलर खर्च किए। स्वीडिश संस्था सिपरी के मुताबिक यह 2021 की तुलना में 0.9 फीसदी ज्यादा है। पूर्व ईस्टर्न ब्लॉक के कई देशों ने 2014 के बाद से अपना सैन्य खर्च दोगुने से भी ज्यादा कर दिया है। 2014 में रूस ने यूक्रेन के क्राइमिया को अपने साथ मिला लिया था। महंगाई को शामिल कर लें तो ये देश पहली बार 1989 सैन्य खर्च के आंकड़े के पार गए हैं। यह वो साल था जब शीतयुद्ध खत्म हुआ। मध्य और पश्चिमी यूरोप में ब्रिटेन ने सबसे ज्यादा 68.5 अरब डॉलर खर्च किये है। इनमें से करीब 2.5 अरब डॉलर यूक्रेन को आर्थिक सैन्य सहायता के रूप में दिए गए। एक तरफ रक्षा पर यूरोपीय देशों को अधिक खर्च करना पड़ा, दूसरी तरफ रूस पर प्रतिबंध लगाने के कारण उन्हें ऊर्जा संकट और असामान्य महंगाई का भी सामना करना पड़ा है। परिणाम ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों में औद्योगिक और सामाजिक अशांति के रूप में सामने आया है। इस अशांति के और फैलने का अंदेशा है।

# ब्रह्मा विष्णु महेश ने बनाया सनातन धर्म

आइए, भारतीय इतिहास में हम अपनी जड़ों को अवलोकित करते हैं। हमारी समृद्ध परंपरा हमारी धरोहर है। हमारे सनातन अर्थात शाश्वत धर्म यानि कि हिन्दू धर्म के संस्थापक खुद भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश थे। ध्यातव्य है कि ब्रह्मा जी ही इस सृष्टि के उत्पत्ति कर्त्ता भी हैं। इनके साथ अग्नि, आदित्य, वायु और अंगिरा ने इस सनातन धर्म की उत्पत्ति में विशेष योगदान किया। इनके साथ ही 11 रुद्रों और 11 प्रजापतियों सहित स्वयं भुव मनु ने हिंदू धर्म की उत्पत्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेद, पुराण और मनु हिन्दू धर्म का मूल उत्स है। गौरतलब है कि भारतीय इतिहास में 14 मनुओं ने क्रमशः संस्कृति और सभ्यता को पुष्पित पल्लवित किया। वर्तमान में हम सभी आठवें मनु, वैवस्वत मनु की ही संतानें हैं। आठवें मनु वैवस्वत मनु के ही समय में भगवान विष्णु का मत्स्य अवतार हुआ था। हिन्दू धर्म के आदि देवों का इतिहास अजर और अमर है। विलक्षणता और अलौकिकता सनातन धर्म के प्रस्थान बिंदु हैं। हमारे यहां पुनर्जन्म है। कर्मफल है। वेद, पुराण और स्मृति की सशक्त परंपरा है। हमारे सांस्कृतिक दस्तावेज भारतीय सभ्यता विमर्श की अमिट गाथा की कहानी को सुनाते रहते हैं।



**लेखक विनय कांत मिश्र/ दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# सुलगता मणिपुर

## डबल इंजन की सरकार केवल चुनावी रेल खींचने के लिए तो नहीं होनी चाहिए। बिना विचार–विमर्श के फैसले थोप देने का नतीजा देश पहले भी भुगत चुका है। नोटबंदी से लेकर कृषि कानून तक हर बार यही देखा गया कि जब संबंधित पक्षों को भरोसे में लिए बिना आदेश दिया गया तो उसका नकारात्मक असर हुआ। देश में कहीं न कहीं असंतोष और आपसी मनमुटाव की आग सुलग ही रही है, इसे बुझाना ...

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में इस वक्त हालात बिगड़े हुए हैं। मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के विरोध में राज्य में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए, जिसके बाद हिंसा भी भड़क उठी। बुधवार को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ने श्आदिवासी एकजुटता मार्चश बुलाया था, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। अशांत मणिपुर में हालात काबू में करने के लिए सेना का फ्लैग मार्च कराया गया। बड़ी रैलियों पर प्रतिबंध के साथ कई जिलों में रात को कर्फ्यू लगाया गया है और अगले पांच दिनों के लिए पूरे राज्य में इंटरनेट को बंद कर दिया गया है। भाजपा सरकार के लिए विरोध–प्रदर्शनों पर नियंत्रण का यह सबसे आसान हथियार बन गया है कि इंटरनेट बंद कर दो। कश्मीर में एक लंबे वक्त तक सरकार ने यही किया, अब मणिपुर की बारी है। अच्छा है कि इंटरनेट बंद होने से पहले ही राज्यसभा सांसद, ओलंपिक विजेता और मुक्केबाजी की विश्वचौंपियन रह चुकी एम सी मैरीकॉम ने बुधवार की आधी रात को ट्वीट किया कि मेरा राज्य मणिपुर जल रहा है, मदद कीजिए। इस ट्वीट में उन्होंने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय को टैग किया है। मैरीकॉम को अंदाजा नहीं होगा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह इस वक्त कर्नाटक चुनाव में कितने व्यस्त हैं। जब वे दिल्ली में जंतर–मंतर तक नहीं आ पा रहे तो मणिपुर तो दूर है। वैसे पिछले साल जब मणिपुर में चुनाव होने थे, तो प्रधानमंत्री ने वहां दौरे करने का वक्त निकाल लिया था। एक चुनावी सभा में उन्होंने कहा था कि ये चुनाव मणिपुर के आने वाले 25 साल को निर्धारित करने वाला है। स्थिरता और शांति की जो प्रक्रिया इन पांच सालों में शुरू हुई है उसे अब हमें स्थायी बनाना है इसलिए भाजपा की सरकार यहां बहुमत से बनना जरूरी है। श्री मोदी ने ये भी कहा था कि बंद और ब्लॉकेड से मणिपुर का शहर हो या गांव, हर क्षेत्र को राहत मिली है। वरना कांग्रेस सरकार ने तो बंद और ब्लॉकेड को ही मणिपुर का भाग्य बना दिया था। चुनावी नतीजे भाजपा के पक्ष में ही आए और सरकार फिर से भाजपा की बनी, लेकिन साल भर बीतते ही सरकार की अक्षमता का नमूना भी सामने आ गया। एक ऐसे विवाद ने पूरे राज्य में अशांति का माहौल बना दिया, जो संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के साथ संभाला जा सकता था। मणिपुर में मैतेई, नागा और कुकी, ये तीन प्रमुख समुदाय है। इनमें नागा और कुकी आदिवासी हैं, जिन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिला हुआ है, इन दोनों समुदायों के ज्यादातर लोग ईसाई धर्म को मानने वाले हैं। जबकि मैतई हिंदुओं की आबादी वाला समुदाय है, जो अब तक गैरआदिवासी माना जाता था, लेकिन बीते मार्च महीने में मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का आदेश दिया। यह आदेश 19 अप्रैल को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुआ। इसके बाद से यहां असंतोष की चिंगारी सुलगने लगी जो अब आग का रूप ले चुकी है। क्योंकि अब इस राज्य में आदिवासी और गैरआदिवासियों के बीच जमीन और अन्य सुविधाओं के अधिकार का सवाल खड़ा हो गया है। लगभग साढ़े 22 हजार वर्ग किमी में फैले मणिपुर में लगभग 10 इलाका घाटी का है और शेष 90 प्रतिशत पहाड़ी इलाका है। राज्य के कानून के मुताबिक पहाड़ी इलाके में केवल आदिवासी ही बस सकते हैं, जबकि घाटी गैरआदिवासियों के लिए है और आदिवासी चाहें तो यहां भी रह सकते हैं। इस तरह 53 प्रतिशत आबादी वाले मैतेई समुदाय के लिए अब तक घाटी का ही इलाका था, लेकिन अब अजजा दर्जे के बाद वे पहाड़ी इलाके में भी जा सकेंगे। इतना ही नहीं आदिवासियों के लिए आरक्षित नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में भी अब मैतेई समुदाय का हिस्सा होगा, जिसे लेकर राज्य के आदिवासी सशंकित है। मैतेई लोन या मणिपुरी भाषा को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की परीक्षा में स्वीकृति मिली हुई है, संविधान की आठवीं अनुसूची में भी मैतेई भाषा को शामिल किया गया है। इन सब वजहों से यह धारणा बनी हुई है कि मैतेई समुदाय के लोग नागा और कुकी समुदाय की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली हैं, और अब उन्हें आदिवासियों के अधिकारों में भी हिस्सा मिल जाएगा। इसी वजह से आदिवासी छात्र संगठनों ने इस फैसले का व्यापक विरोध किया। मणिपुर में यह अनावश्यक टकराव टाला जा सकता था, बशर्ते ऐसा कोई भी कदम उठाने से पहले सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेकर चर्चा की जाती। किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जाना चाहिए या नहीं, यह सवाल इतना सरल नहीं है कि आज खाने में लौकी बनाई जाए या गोभी। बल्कि यह एक गंभीर मसला है, खासकर ऐसे राज्य के लिए जहां पहले से आदिवासियों और गैरआदिवासियों के बीच हितों के टकराव चलते रहे हों। लेकिन इतने गंभीर मसले को सीधे अदालती कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। क्या इस पर राज्य सरकार ने या जनजातीय मामले और पहाड़ी विभाग ने विभिन्न पक्षों को लेकर कोई चर्चा की या केंद्र और राज्य सरकारों ने इस पर विमर्श किया। डबल इंजन की सरकार केवल चुनावी रेल खींचने के लिए तो नहीं होनी चाहिए। बिना विचार–विमर्श के फैसले थोप देने का नतीजा देश पहले भी भुगत चुका है। नोटबंदी से लेकर कृषि कानून तक हर बार यही देखा गया कि जब संबंधित पक्षों को भरोसे में लिए बिना आदेश दिया गया तो उसका नकारात्मक असर हुआ। देश में कहीं न कहीं असंतोष और आपसी मनमुटाव की आग सुलग ही रही है, इसे बुझाना जरूरी है।

# स्वतंत्रता खो रही पत्रकारिता

> **मीडिया ने एक–तरफ जहाँ लोगों की जागरूकता का सशक्त माध्यम है, वहीं दूसरी तरफ सरकार को देश की समस्याओं से रूबरू भी करवाती है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माने जाने के कारण उससे अपेक्षा रहती है की वह देशहित में अपना सकारात्मक योगदान दे। आज बदलते समय में मीडिया की भूमिका के साथ–साथ उसके रिपोर्टिंग करने का तरीका भी बदल चुका है। समय...**

डॉ. प्रियंका सौरभ

आज पेड न्यूज, मीडिया ट्रायल, गैर–मुद्दों को वास्तविक समाचार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तविक मुद्दों को दरकिनार किया जा रहा है, वास्तविक और समाज हित के समाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है और मुनाफे और राजनीतिक पक्ष के लिए तथ्य विरूपण, फर्जी समाचार, पीत पत्रकारिता की जा रही है पेड न्यूज के मामलों में वृद्धि के पीछे भारत में अधि ाकतर मीडिया समूह कॉरपोरेट के बड़े घरानों वाले हैं जो मात्रा लाभ के लिये इस क्षेत्र में है और लाभ के लिए ही कार्य करते हैं। पत्रकारों की कम सैलरी तथा जल्दी मशहूर होने की चाहत भी पीत पत्रकारिता के पीछे एक कारण है।

मीडिया लोकतंत्र में जनहित के प्रहरी के रूप में कार्य करता है। यह एक लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और लोगों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं की सूचना देने का काम करता है। मीडिया को लोकतांत्रिक देशों में विध ाानमंडल, कार्यकारी और न्यायपालिका के साथ ष्चौथा स्तंभष माना जाता है। पाठकों को प्रभावित करने में इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जो भूमिका निभाई थी, वह राजनीतिक रूप से उन लाखों भारतीयों को शिक्षित कर रही थी, जो ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में शामिल हुए थे।

पत्रकारिता एक पेशा है जो सेवा तो करता ही है। यह दूसरों से प्रश्न का विशेषाधि ाकार भी प्राप्त करता है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य निष्पक्ष, सटीक, निष्पक्षरू और सभ्य तरीके और भाषा में जनहित के मामलों पर समाचारों, विचारों, टिप्पणियों और सूचनाओं के साथ लोगों की सेवा करना है। प्रेस लोकतंत्र का एक अनिवार्य स्तंभ है। यह सार्वजनिक राय को शुद्ध करता है और इसे आकार देता है। संसदीय लोकतंत्र मीडिया की चौकस निगाहों के नीचे ही पनप सकता है। मीडिया न केवल रिपोर्ट करता है बल्कि राज्य और जनता के बीच एक सेतु का काम करता है।

निजी टीवी चौनलों के आगमन के साथ, मीडिया ने जीवन के हर क्षेत्र में मानव जीवन और समाज की बागडोर संभाली है। मीडिया आज चौथे एस्टेट के रूप में संतुष्ट नहीं है, इसने समाज और शासन में सबसे महत्वपूर्ण महत्व ग्रहण किया है। मुखबिर की भूमिका निभाते हुए, मीडिया एक प्रेरक और एक नेता का रूप भी लेता है। मीडिया का ऐसा प्रभाव है कि यह किसी व्यक्ति, संस्था या किसी विचार को बना या बिगाड़ सकता है। इसलिए सभी व्यापक और सर्व–शक्तिशाली आज समाज पर इसका प्रभाव है। इतनी शक्ति और शक्ति के साथ, मीडिया अपने विशेषाधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों की दृष्टि नहीं खो सकता है।

आज पेड न्यूज, मीडिया ट्रायल, गैर–मुद्दों को वास्तविक समाचार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तविक मुद्दों को दरकिनार किया जा रहा है, वास्तविक और समाज हित के समाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है और मुनाफे और राजनीतिक पक्ष के लिए तथ्य विरूपण, फर्जी समाचार, पीत पत्रकारिता की जा रही है पेड न्यूज के मामलों में वृद्धि के पीछे भारत में अधि ाकतर मीडिया समूह कॉरपोरेट के बड़े घरानों वाले हैं जो मात्रा लाभ के लिये इस क्षेत्र में है और लाभ के लिए ही कार्य करते हैं। पत्रकारों की कम सैलरी तथा जल्दी मशहूर होने की चाहत भी पीत पत्रकारिता के पीछे एक कारण है। आँकड़े ये राज भी खोलते है कि अधिकतर राजनीतिक दलों के कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत मीडिया संबंध ाी खर्चों में जाया होता है । चुनावों में प्रयुक्त होने वाला धन बल, शराब तथा पेड न्यूज की अधिकता आज बेहद गंभीर चिंता का विषय है। भारतीय प्रेस परिषद के अनुसार, ऐसी खबरें जो प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में नकद या अन्य लाभ के बदले में प्रसारित किये जा रहे हों पेड न्यूज कहलाते हैं। मगर सांठ–गाँठ कि गुच्छी को खोलकर ये साबित करना अत्यंत कठिन कार्य है कि किसी चौनल पर दिखाई गई विशेष खबर या समाचारपत्र में छपी न्यूज, पेड न्यूज ही है।

वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की अनुपस्थिति एक ऐसे समाज में सत्य की झूठी प्रस्तुति को जन्म देती है जो लोगों की धारणा और विचारों को प्रभावित करती है। जैसा कि कैंब्रिज एनालिटिका मामले में देखा गया था, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पक्षपातपूर्ण समाचार कवरेज ने अमेरिकी चुनावों को प्रभावित किया। सनसनीखेज वाले और उच्च टीआरपी दरों का पीछा करने के लिए जैसा कि भारत में 26ध11 के आतंकवादी हमलों के कवरेज में देखा गया था, ने राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को जोखिम में डाल दिया था। सनसनीखेज चालित रिपोर्टिंग ने न्यायालय के दिशानिर्देशों के बावजूद बलात्कार पीडिघ्तों और बचे लोगों की पहचान से समझौता किया।

पेड न्यूज और फर्जी खबरें जनता की धारणा में हेरफेर कर सकती हैं और समाज के भीतर विभिन्न समुदाय के बीच नफरत, हिंसा, और असहमति पैदा कर सकती हैं। सोशल मीडिया, तकनीकी परिवर्तनों के आगमन के साथ, मीडिया की पहुंच गहराई से बढ़ी है। जनमत को प्रभावित करने में इसकी पहुंच और भूमिका ने पत्रकारिता नैतिकता के प्रवर्तन के लिए अपनी निष्पक्षता, गैर–पक्षपातपूर्ण कॉल को सुनिश्चित करने के लिए इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि मीडिया अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से और कुशलता से निभाने के लिए, मीडिया को अपनी स्वतंत्रता और संपादकीय स्वतंत्रता को बनाए रखते हुए एक अच्छी तरह से परिभाषित आचार संहिता के भीतर काम करना चाहिए। चूंकि गैर–जिम्मेदार पत्रकारिता प्रतिबंध को आमंत्रित करती है, मीडिया को अपनी स्वतंत्रता को लूटना, पेशेवर आचरण और नैतिक अभ्यास मीडिया की स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि मीडिया में निवेशित जनता का विश्वास कायम है।

बदलते दौर में मीडिया संबंधित शिक्षण संस्थानों में श्नैतिकताय को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। एक श्स्वतंत्र जांच दलय का गठन किया जाना चाहिए जो पत्रकारिता के निष्पक्ष प्रसारण एवं संवेदनशील सूचनाओं के प्रसारण संबंधी कार्यों पर निगरानी रखे। नियमित अंतराल पर समाजविदों तथा मीडियाकर्मियों की बैठक होनी चाहिये जिससे सब मिलकर सामाजिक समस्याओं से संबंधित समाधान खोज सकें एवं रणनीति बना सकें। मीडिया को राजनीतिक दबाव से मुक्त किया जाना चाहिए साथ ही श्पत्रकारिता से संबंधित आचार–संहिताय का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिये।



## सूची से नाम कटने से दुखी होकर लौटे सैकड़ों मतदाता

देवरिया। नगर पंचायत बरियारपुर में लगभग सभी मतदान केंद्रों पर वोटर लिस्ट से नाम कटने से करीब 272 मतदाता मत का प्रयोग नहीं कर पाए। इससे वे नाराज होकर बीएलओ को कोसते हुए घर लौट गए। लोगों ने वोटर लिस्ट से नाम कटने पर वोट प्रतिशत नहीं बढ़ने का कारण बताया। बरियार वार्ड नंबर दो चौकियां के सभासद प्रत्याशी पूनम देवी ने आरोप लगाया कि उनके पति रमेश प्रजापति का नाम जानबूझ कर काटा गया है। यहीं के रमेश यादव ने कहा कि मेरे पिता सुरेश यादव का नाम काट दिया गया। शिक्षक शारदा यादव भी नाम कटने से वोट देने से वंचित रह गए। मतदान केंद्र सात महदेईया में नाम कटने से 20 से अधिक मतदाता आक्रोशित दिखे। उन्होंने बीएलओ और एक प्रत्याशी पर जानबूझकर नाम कटवाने का आरोप लगाया। वही मतदान केंद्र दो कुलकुला स्थान पर 55, भड़सरा मतदान केंद्र पर 50, रघुनाथपुर मतदान केंद्र पर 30, वनरहा में 20, बड़हरा बाबू में 15, साहू टोला में 12, बरियारपुर खास में 50, पकड़ियार में 20 लोग वोट देने वंचित रह गए। इन लोगों ने आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया।

## भाजपा व सुभासपा प्रत्याशी के पति में मारपीट से भगदड़

रुद्रपुर। मतदान का प्रतिशत चढ़ने के साथ ही प्रत्याशी और उनके समर्थकों का पारा भी बढ़ता रहा। दोपहर जामुनी चौराहे पर भाजपा प्रत्याशी और सुभासपा प्रत्याशी के पति समर्थकों के साथ आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में मारपीट से भगदड़ मच गई। करीब तीस मिनट तक चौराहे से वोटरों की आवाजाही बाधित रही। पुलिस की अपील के बाद वोटर दोबारा मतदान करने बूथों तक पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी सुधा निगम के पति छठ्ठेलाल निगम और सुभासपा प्रत्याशी मनोरमा देवी के पति लल्लन गुप्ता समर्थकों के साथ जामुनी चौराहे पर कहासुनी के बाद मारपीट करने लगे। मारपीट से चौराहे पर भगदड़ मच गई। मतदान करने जा रहे वोटर भागने लगे। सूचना पर पहुंचकर पुलिस को सड़क पर डंडा पटक भधीड़ को हटाना पड़ा। पुलिस दोनों पक्ष को लेकर थाने ले गई। भाजपा नेता छठ्ठेलाल निगम ने सुभासपा नेता पर गुंडों के साथ पिटाई करने का आरोप लगाया। सुभासपा नेता लल्लन गुप्ता ने तहरीर देकर बताया कि भाजपा नेता रुपये बांट रहे थे। पत्नी द्वारा विरोध करने पर उन्होंने सत्ता के बल पर मारपीट की। महिला प्रत्याशी के साथ भाजपा के लोगों ने अभद्रता की। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार वाजपेयी ने कहा कि विवाद शांत करा कर पुलिस ने मतदान कराया। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सूची की गड़बड़ी से परेशान हुए मतदाता

भाटपाररानी। नगर निकाय चुनाव के दौरान मतदाता सूची में दर्ज नामों को लेकर सभी वार्डों के मतदाता पूरे दिन परेशान रहे। मतदाताओं का आरोप था कि इस बार मतदाता सूची में ऐसे नाम दर्ज हुए हैं, जिन्हें वार्ड के मतदाता जानते तक नहीं और न ही वे यहां के निवासी हैं। उनका आरोप था कि उनके वार्ड में अनेक पुरुषों और महिलाओं का नाम ही नहीं है। सोहनपार के जयप्रकाश, रामाधार, पोखरा पार के संजय, बसंत कुमार, गुदरी बाजार के विनोद, राधेश्याम, पिंकी देवी आदि ने बताया कि उनका और उनके पूरे परिवार का नाम मतदाता सूची में नहीं है। इसे लेकर मतदाता दिनभर परेशान रहे। उन्होंने आरोप लगाया है कि जानबूझकर उनका नाम किसी ने कटवा दिया है। जबकि वे वर्षों से मतदान करते चले आ रहे हैं।

## देर रात तक जमा होती रही मतपेटिका व मतदान सामग्री

महराजगंज। जिले के सभी दस निकायों में मतदान प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद कार्मिकों ने निर्धारित चार स्थलों पर अपनी मतपेटिका को जमा कराया। वाहन से उतरने के बाद कर्मी 100 से 200 मीटर तक मतपेटी व सामग्री को सिर व कंधे पर रखकर स्ट्रांग रूम परिसर में पहुंचे एवं वहां पर सामग्री का मिलान करने के बाद उसे जमा किया। समेकित स्थल से रवाना की गई सर्वाधिक 150 पोलिंग पार्टियों में से नगर पालिका महराजगंज की 68 पार्टियां सबसे पहले पहुंचीं तथा उन्होंने सामग्री का मिलान करने के बाद मतपेटी व अभिलेखों को जमा कराया। इसके बाद नगर पंचायत घुघली के 13 व चौक के 21 पोलिंग पार्टियों ने अपनी सामग्री को जमा किया। नगर पंचायत पनियरा के 22 व नगर पंचायत परतावल के 26 पोलिंग पार्टियों के देर में पहुंचने के कारण उनकी मतपेटी व सामग्री भी देर रात तक जमा हुई। नौतनवां तहसील परिसर में पालिका नौतनवां के 33 व नगर पंचायत सोनौली के 19 पोलिंग पार्टियों की मतपेटी व सामग्री को जमा कराया गया। तहसील फरेंदा में नगर पंचायत आनंदनगर के 43 व नगर पंचायत बृजमनगंज के 20 पोलिंग पार्टियों ने अपनी सामग्री को जमा कराया। तहसील निचलौल में बने स्ट्रांग रूम में नगर पंचायत निचलौल के 21 पार्टियों ने अपनी मतपेटी व सामग्री को मिलान कराते हुए जमा किया।

## वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी लोकतंत्र के पर्व को दी प्राथमिकता

फरेंदा। अपनों के तिरस्कार का दंश झेल रहे आधारशिला वृद्धाश्रम के बुजुर्ग अपनों को भले ही भूल रहे हों, लेकिन लोकतंत्र के महापर्व को नहीं भूले। वह नगर निकाय के चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर मतदान के लिए बूथ पर टोली बना कर पहुंचे। जहां पर अपने मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मतदान के बाद उनके चेहरे पर उत्साह देखा गया। कोई लाठी तो कोई सहारा लेकर बूथ पर पहुंचा और मतदान किया। नगर पंचायत आनंदनगर के गनेशपुर स्थित आधारशिला वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग मतदाता ध्रुव कुमार मिश्र ने बताया कि परिवार से भले ही दूर रहकर जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत के विकास के लिए मतदान करना बेहद जरूरी है। सभी के वोट से ही बेहतर जनप्रतिनिधि का चुनाव हो सकेगा। शिवप्रसाद ने बताया कि जब से मतदान करने की उम्र हुई है, तब से वोट डालने जरूर जाता हूं। अब भले ही अपनों से दूर हैं, लेकिन नगर का मुखिया ही अपना साबित होगा। रामलखन ने बताया कि लोकतंत्र के पर्व में हमेशा भाग लेने का मौका मिला है। जब उम्र के आखिरी पड़ाव पर हैं, ऐसे में मतदान से अच्छे व्यक्ति का चुनाव करने का मौका मिला तो पीछे नहीं रहेंगे। वहीं, वेदप्रकाश, चंद्रलेखा, सीमा, गीता, प्रभावती, विपता देवी, जसमति, हेमराज चौहान व शांति बरनवाल ने नगर पंचायत के विकास व योजना के लाभ के आधार पर मतदान करने की बात कही।

# कुर्सी पर बैठने के लिए भिड़ गए दो कांस्टेबल

रामपुर कारखाना। नगर पंचायत चुनाव में जनता इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर दो पुलिसकर्मी कुर्सी पर बैठने के लिए आपस में भिड़ गए। मतदान केंद्र के आंबेडकर वार्ड बूथ पर तीन सिपाहियों की ड्यूटी कतार लगाने को लगी थी। इसी दौरान एक सिपाही कुर्सी पर बैठ गया और लाइन में लगे मतदाताओं को निर्देश देने लगा। यह देख साथ ड्यूटी कर रहा एक सिपाही भड़क गया। उसने कुर्सी पर बैठे सिपाही से खड़े होने को कह दिया। इस पर दोनों सिपाही आपस में उलझ गए और नोकझोंक करने लगे। दूसरे सिपाहियों ने बीच–बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद बूथ से कुर्सी हटा दिया गया।

मतदान केंद्र पहुंचने से पहले ही पड़ गया वोटः रामपुर कारखाना। नगर पंचायत के जनता इंटर कॉलेज में फर्जी वोटिंग का आरोप लग गया। राजगद्दी वार्ड के विवेक मद्धेशिया पुत्र विनोद मद्धेशिया और आंबेडकर वार्ड में सोनम वोट देने पहुंचे। मतदान कर्मियों ने उनका वोट पड़ जाने की जानकारी दी। इस पर दोनों मतदाता अवाक रह गए। हैरान और परेशान दोनों मतदाता पोलिंग एजेंटों के साथ पीठासीन और एआरओ के पास चक्कर लगाते रहे। इसी तरह मतदान कर्मियों ने कई को पहचान पत्र और पैन कार्ड आदि में स्पेलिंग गलत होने पर मतदान करने से रोक दिया। राजगद्दी वार्ड के आदित्य वर्मा के पैन कार्ड में पिता के नाम में जायसवाल जुड़े होने से मतदान कर्मियों ने वोट डालने की अनुमति नहीं दी। पोलिंग एजेंट मोनू मद्धेशिया ने टेंडर वोट डलवाने की मांग की। लेकिन अधिकारियों ने इन्कार कर दिया।

इस बार युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति दिखा उत्साह

भाटपाररानी। हर बार की तरह इस बार नगर पंचायत चुनाव में इस बार भी नगर के युवा मतदाताओं में . मतदान के दौरान काफी उत्साह देखने को मिला। अनेक मतदाता ऐसे थे, जिन्हें पहली बार मतदान करने का मौका मिला था। इसके प्रति वे काफी उत्साहित रहे। नगर के आर्य चौक निवासी युवा महातम, अमित, हिमांशु, बृजेश, छोटे, अभिषेक और रविंद्र ने बताया कि इस बार मतदान करके वे बहुत खुश हैं। उन्होंने कतार में देर तक खड़ा रहकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करने के बाद जब इस महाकुंभ में डुबकी लगाई तो खुशनुमा महसूस किया। इससे वे बहुत उत्साहित भी रहे। उन्होंने बताया कि नगर के विकास और जल निकासी की समस्या जैसी मूलभूत समस्याओं से निजात पाने के लिए मतदान किया है।

## मतदान के दौरान दो उम्मीदवारों के समर्थकों में हुई झड़प

सलेमपुर। मतदान के दौरान सलेमपुर नगर पंचायत के दो उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच फर्जी मतदान कराने की बात कहते हुए झड़प हो गई। हंगामा बढ़ता देख पुलिस को हल्के बल प्रयोग करना पड़ा। इसे लेकर घंटों माहौल गर्म रहा। सुबह से मतदान शुरू होने के बाद सभी बूथों पर मौजूद उम्मीदवारों के एजेंट सतर्क रहे। दोपहर तक कहीं–कहीं हल्की झड़प और कहासुनी देखने को मिली। दोपहर बाद करीब तीन बजे नगर पंचायत कार्यालय के पास दो प्रत्याशियों के समर्थकों में झड़प हो गई। आरोप था कि एक उम्मीदवार के समर्थक फर्जी तरीके से वोट अपने पक्ष में डलवा रहे हैं, जब इसका विरोध दूसरे पक्ष के लोगों ने किया तो वह मारपीट पर उतारु हो गए। इसे लेकर कहासुनी होने लगी। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष के समर्थक आपस में भिड़ गए। वहां मौजूद पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। हंगामे को लेकर करीब एक घंटे तक माहौल गर्म रहा। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीएम अरुण कुमार, सीओ देवआनंद लार का जायजा लेते हुए सलेमपुर के मां अष्टभुजी देवी स्कूल के बूथ पर पहुंचे, जहां मतदान के लिए लाइन में लगे लोगों के फोटो पहचान पत्र की जांच की। मतदाताओं की अंगुली देखी कि कोई कहीं दोबारा मतदान तो करने नहीं आएं हैं। हालांकि कोई फर्जी मतदान करते नहीं मिला। इसके बाद एसडीएम और सीओ लिटिल फ्लावर स्कूल के बूथ पर पहुंचे। वहां काफी समय तक डटे रहे। मतदाताओं की संख्या चार बजे के बाद काफी कम हो गई। एसडीएम अरुण कुमार ने बताया कि फर्जी आधार कार्ड पर मतदान कराने का आरोप लगाया जा रहा था, लेकिन बूथ पर जाकर जांच की गई तो वहां कुछ ऐसा नहीं मिला। वहीं कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि किसी बात को लेकर दो उम्मीदवारों के समर्थकों ने आपस में कहासुनी की थी, जिसे समझा–बुझाकर शांत करा दिया गया।

## "भीम–रूप" धर बजरंगबली का प्रचार प्रसार करना ही है यथोचित उत्तरः कुश श्रीवास्तव

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की प्रमुख हनुमान भक्त संस्थान – श्ज्ञान गुण सागर वाहिनीश के अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषणा पत्र में उल्लिखित बजरंग दल के विषय की कठोर निंदा एवं भर्त्सना की और कहा की हनुमान जी के उपासकों के लिए ऐसी दुर्भावना रखना अत्यंत निंदनीय है। बजरंग बली में वह शक्तियां है जो हर व्यक्ति के जीवन में शक्ति, समृद्धि, ज्ञान, गुण, संयम इत्यादि का संचार करती हैं। इस विषय पर आगे उल्लेख करते हुए कुश ने कहा की इस तरह की विचारधारा को उत्पत्ति देने के किसी भी प्रयास को निरस्त, ध्वस्त करने हेतु ही अब उनकी संस्था श्ज्ञान गुण सागर वाहिनीश हनुमान जी की उपासना एवं सत्संग के लिए और बड़ा संकल्प लेती है, जिसका नाम है ज्ञान गुण सागर प्रतियोगिता तहसील स्तरीय। ज्ञान गुण सागर प्रतियोगिता (तहसील स्तरीय) को प्रयागराज की ८ तहसीलों से प्रारम्भ करते हुए यह वाहिनी, उत्तर प्रदेश के हर तहसील में लेकर जायेगी। इस क्रम में हर माह एक तहसील में प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसके अंतर्गत वहां के 40 गाँवों की टीमें एवं 20 विद्यालयों की टीम प्रतिभागिता करेंगी। इस प्रकार हर वर्ष, वाहिनी 500 गाँवों के युवाओं एवं 250 विद्यालयों से आने वाले बच्चों में हनुमान जी के प्रति जागरूकता, उत्सुकता एवं सत्संग का प्रचार, प्रसार करेगी। श्ज्ञान गुण सागर वाहिनीश अपने आप में राष्ट्रवाद, आध्यात्म, और संस्कृति का अनूठा संगम है। वाहिनी ने सर्वजन में सत्संग की भावना को पुनर्जागृत करने एवं बच्चों में बजरंगबली के प्रति रुझान बढ़ाने की दृष्टि से प्रतिदिन प्रयास करने का संकल्प उठाया है। इसी दिशा में वर्ष 2023 में वाहिनी ने प्रयागराज में इस वर्ष 51 हनुमान चालीसा एकादश पाठ करने का संकल्प लिया है, जिसमें अभी तक 11 कार्यक्रम हो चुके हैं। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में विभिन्न स्थानों के लोग साथ आकर बढ़ चढ़ कर सहभागिता कर रहे हैं।

# प्रशासन के दावे फेल, दिव्यांग मतदाता हुए परेशान

महराजगंज। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के लिए हुए मतदान में दिव्यांग मतदाताओं ने भी पोलिंग बूथ पर मताधिकार का प्रयोग किया, लेकिन प्रशासन की तरफ से समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन की ओर से बड़े–बड़े दावे किए गए थे लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और थी। नगर पंचायत पनियरा के वार्ड नंबर एक आंबेडकर नगर निवासी दिव्यांग रामदरश ने बताया कि दोनों हाथों से दिव्यांग हूं। प्राथमिक विद्यालय बड़वार भाग एक पर मतदान के लिए पहुंचा तो प्रशासन की तरफ से कोई प्रबंध नहीं किया गया था। बेटे के सहयोग से किसी तरह बूथ पर पहुंचकर मतदान कर पाया।

नगर पंचायत पनियरा निवासी चंद्रावती देवी ने बताया कि माह भर पूर्व दोनों आंखें खोलवाई हूं। प्राथमिक विद्यालय बसडिला बूथ पर मतदान करना था, लेकिन असुविधा का सामना करना पड़ा। एक निजी चिकित्सक के सहयोग से किसी तरह मताधिकार का प्रयोग कर पाई। नगर पालिका नौतनवां के महेंद्र नगर वार्ड निवासी दिव्यांग युवा मतदाता राहुल गौंड ने बताया कि व्यवस्था ठीक न होने से मतदान करने में दिक्कत हुई। भाई मोनू के साथ गोरखा भूतपूर्व सैनिक स्कूल स्थित बूथ पर पहुंच कर मतदान किया। नगर पालिका नौतनवा के वार्ड नंबर छह बाल्मिकी नगर निवासी दिव्यांग अमरनाथ ने बताया कि बूथ तक पहुंचने के लिए प्रशासन की ओर से किए गए दावे नाकाफी साबित हुए। काफी दिक्कतों के बाद राजकीय कन्या इंटर कॉलेज स्थित बूथ पर जाकर मतदान किया।

## कॉल्विन अस्पताल पहुंचे न्यायिक आयोग के सदस्य, की छानबीन

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग शुक्रवार को प्रयागराज पहुंची। दोपहर बाद आयोग के सदस्य कॉल्विन अस्पताल के सामने उस स्थान का भी जायजा लेने के लिए पहुंचे, जहां माफिया बंधुओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। न्यायिक सदस्यों के कॉल्विन आने की सूचना पर पुलिस फोर्स अस्पताल पर पहुंच गई थी। कुछ देर में पहुंचे न्यायिक आयोग के सदस्यों ने बारीकी से घटनास्थल का मुआयना किया। टीम दूसरी बार प्रयागराज पहुंची है। इसके पहले 20 अप्रैल को मुआयना किया गया था। ज्ञात हो कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वितीय आयोग के अध्यक्ष हैं। महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त आईपीएस सुबेश कुमार सिंह और सेवानिवृत्त जिला जज बृजेश कुमार सोनी इसके सदस्य हैं। बताया जा रहा है कि जांच करने पहुंची आयोग की टीम में पांच सदस्य शामिल हैं। कॉल्विन अस्पताल के बाहर जिस स्थान पर हत्याकांड को अंजाम दिया गया है उसे पुलिस ने घेर दिया है। बता दें कि उमेश पाल हत्याकांड के मामले में पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए गए पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद और उसके भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम अशरफ की 15 अप्रैल को करीब साढ़े दस बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना से से पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया था। जिस समय दोनों को गोली मारी गई उस समय उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए कॉल्विन अस्पताल ले जाया जा रहा था। मीडियाकर्मियों के वेश में पहुंचे शूटरों ने ताबड़तोड़ गोली चलाकर दोनों को मौत के घाट उतार दिया था। हालांकि मौके पर ही तीनों शूटरों लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

## शहर की सरकार बनाने की दिखी ललक

महराजगंज। नगर निकाय चुनाव में मतदान के लिए हर कोई उत्सुक दिखा। सुबह सात बजे के बाद शहरवासियों के कदम बूथ की ओर बढ़े। सभी में शहर की सरकार बनाने की ललक दिखी।

सुबह 7रू30 बजे पिपरदेउरा जाने वाली सड़क पर मंदिर के पास नरेश यादव कुछ लोगों के साथ बात करते हुए दिखे। सभी यही चर्चा कर रहे थे कि वोट जरूर करना चाहिए। यह लोग बातें कर ही रहे थे कि इस बीच एक प्रत्याशी ने आकर पैर छूना शुरू कर दिया। मतदान के दौरान अगल–अलग हिस्सों में कई तरह के रंग दिखे। लोकतंत्र के उत्सव के रंग को चटख करने वाली तस्वीरें भी सामने आईं।

जज्बा ऐसा दिखा जैसे कोई उत्सव है। बूथ की ओर से जाने वाले अधिकतर लोग किसी से बात करना नहीं चाह रहे थे। पिपरदेउरा प्राइमरी स्कूल के पास बने बूथ से पहले पुल पर तमाम लोग बैठे थे। सामने की दुकान पर कुछ लोग चाय पी रहे थे। सुबह करीब आठ बजे सड़क के किनारे खड़े कुछ लोग सियासी हलचल पर चर्चा कर रहे थे। वोट डाल कर आ रहे सुरेश कुमार ने विजयी मुद्रा बनाते हुए अपने एक साथी को बूथ की ओर जाने का इशारा किया। बूथ की ओर से जाने वाली सड़क आम दिनों की अपेक्षा ज्यादा व्यस्त रही।

सड़क के किनारे पर्ची बनाने के लिए वोटरलिस्ट लेकर लोग बैठे थे। नौ बजे बाइक से वीरेंद्र मिश्रा आए और बोले भैया मेरा नाम तनिक लिस्ट में देखकर पर्ची दीजिएगा। सामने बैठा व्यक्ति नाम कई बार खोजा, लेकिन नहीं मिला। वीरेंद्र को गुस्सा आया, लेकिन वह शांत होकर बाइक से घर चले गए। कॉलेज रोड पर होम्योपैथ अस्पताल व रैन बसेरा में बने बूथों पर लोग कतार में खडेध थे। सुरक्षा कर्मी आने–जाने वालों से पूछताछ कर रहे थे। मतदाता अपने वाहन से आ रहे थे। निर्धारित दूरी पर वाहन खड़ा कर वह बूथ पर जा रहे थे। रैन बसेरा के पास सुजीत मिले, उस वक्त 10 बजे रहे थे। वह बोले भाई अब तो यह उत्सव पांच साल बाद आएगा। देखना है इस बार कौन भाग्य का बली है। वह कुछ और बोलने वाले थे की थोड़ी दूरी पर खड़े सुरक्षाकर्मी ने उन्हें हट जाने का इशारा किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में बने बूथ पर लंबी कतार लग चुकी थी। कतार में खड़े दिनेश को गोरखपुर जाना था। उन्होंने लाइन में आगे खड़े व्यक्ति से अनुरोध किया कि भाई हमें जल्दी है, आगे खड़े हो जाने दो, लेकिन उनकी बात उसने नहीं सुनी। दोपहर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरदेउरा में बने बूथ पर महुआ गांव की गंगोत्री धीरे–धीरे आ रही थीं। इनके घर के बगल के रहने वाले दुर्गा साथ में थे। करीब 100 साल से ज्यादा उम्र की गंगोत्री का उत्साह देखते ही बन रहा था। उन्होंने बताया कि जब भी चुनाव होता है तो बूथ पर जाकर वोट जरूर डालती हूं। ज्यादा उम्र होने के कारण वह कुछ स्पष्ट नहीं बोल रही थीं। अधिकारियों की गाड़ियां बूथों पर दौड़ती रही।

## सपा ने बनाई ई वी एम की रखवाली के लिए टीम, करेंगे पहरेदारी

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी ने मतगणना के लिए जानकार लोंगो की टीम बनाने के लिए नेताओं, कार्यकर्ताओं को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। टीम में अधिवक्ताओं एवं पुराने जानकार लोंगो को रखा जायेगा। आज पार्टी कार्यालय पर मेयर प्रत्याशी अजय कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुई बैठक में मतगणना एवं ई वी एम मशीनों को जो मतदान केबाद मुंडेरा में रखी गई हैं की रखवाली के लिए पहरेदारों को मुस्तईद किया जायेगा। पहरेदारी करने वालों को 4घंटे के बाद बदल दिया जायेगा और अगली टीम को जिम्मेदारी दे दी जाएगी। सपा के पहरेदार स्ट्राँग रूम के बाहर मतगणना के दिन तक चौबीसों घंटे मुस्तैद रहेंगे। सपा के मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसारपार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय में निर्वाचन का कार्य देख रहे के के श्रीवास्तव मतगणना एजेंटों को ई वी एम मशीन एवं मतगणना की बारीकीयों से अवगत कराएँगे। सम्भावना है कि मतगणना के दिन वह स्वयं मतगणना स्थल पर मौजूद रहें। बैठक में प्रमुख रूप से मेयर प्रत्याशी अजय कुमार श्रीवास्तव, के के श्रीवास्तव, सैयद इफ्तेखार हुसैन, अनिल यादव, पप्पू लाल निषाद, दूध नाथ पटेल, राम मिलन यादव, दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट, महेन्द्र निषाद, नाटे चौधरी, आर. एन. यादव, मो गौस, ओ पी यादव, अभिमन्यु पटेल, रमाकांत पटेल, सचिन श्रीवास्तव, संतोष हेला, संतोष यादव, सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्त्तागण मौजूद रहे।

## धर्मराज पाण्डेय इण्टर कॉलेज चिरगोड़ा के मेधावी छात्रों हुए सम्मानित




पडरौना/ कुशीनगर। विकास खण्ड विशुनपुरा के धर्मराज पाण्डेय इण्टर कॉलेज चिरगोड़ा के मेधावी छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर विद्यालय के प्रवन्धक ने सभी को माला पहनवा कर एवं मुँह मीठा कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु आशिर्वाद प्रदान किया है। गुरुवार को आयोजित सम्मान समारोह के बीच विद्यालय के प्रवन्धक बूँदल पाण्डेय ने हाई स्कूल एवं इण्टर की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को विद्यालय ने सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें इस वर्ष इण्टर की विद्यालय टॉपर छात्रा रही आराध्या मिश्रा सर्वाधिक अंक 91 : , प्रज्ञा मिश्रा 90 :,प्रतिष्ठा चौबे 87:, मोसर्रत जहाँ 85:, प्रज्ञा शुक्ला 86 :, पूजा कुशवाहा ,पुन्नी यादव, सादिया खातून, किरन पाल, मुस्कान, निधि शर्मा, रीना यादव, नेहा निषाद, सगुफ्ता बेगम, जैनब खातून, व अन्य सभी 80 : अंक तक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। प्रवन्धक बूँदल पाण्डेय ने कहा कि छात्र जीवन में छात्रों के लिये परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करना ही उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करता है। इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षकों में खुश मुहम्मद अंसारी, भूपेन्द्र तिवारी, अभय तिवारी, मुन्ना यादव , राघवेंद्र तिवारी, यशवंत यादव , व उप प्रधानाचार्य राहुल पाण्डेय ने सभी छात्रों को अपने आशीर्वचनों से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है । इसके साथ ही हाईस्कूल व इण्टर के विद्यालय टॉपर रहे दो छात्रों को अखिल भारतीय व्राह्मण महा सभा कुशीनगर के जिला महा सचिव हरिशंकर चौबे ने स्मार्ट वाच से सम्मानित करने की घोषणा किया है।

## शिक्षकों ने अर्पित किए महात्मा बुद्ध को श्रद्धा सुमन

प्रयागराज(आरएनएस)। वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोशिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में वैचारिक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों ने मिलकर बोधिसत्व की बौद्ध पूर्णिमा के पावन शुभ अवसर महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित करके बुद्ध जी के जीवन चरित्र एवम उपदेश पर बृहद चर्चा, परिचर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि गौतम बुद्ध के द्वारा बताए गए मानवतावादी उपदेश को मानते हुए ही समाज और राष्ट का उत्थान संभव है। झूठे पाखंड ने समाज को खोखला कर रखा है हमे वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ाते हुए भारत के भविष्य युवा पीढ़ी को जाग्रत करने का कार्य भी करना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वैचारिक शिक्षक संघ की संरक्षक श्रीमती सुनीता सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह, प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार वर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत कुमार चौधरी, जिला महामंत्री दया शंकर गुप्ता, जिला संगठन मंत्री मनोज कुमार सरोज, दिव्यांशु पटेल इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्ट्रॉबेरी को इन 5 रेसिपी के जरिए डाइट में करें शामिल, स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक



खट्टे–मीठे स्वाद से भरपूर स्ट्रॉबेरी का इस्तेमाल अक्सर डेजर्ट और स्मूदी में किया जाता है। यह फल न सिर्फ इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है, बल्कि हृदय को स्वस्थ रखने और शरीर को कैंसर जैसी घातक बीमारियों से बचाने में भी सहायक है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना लाभदायक है। आइए हम आपको 5 ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिनके जरिए आप स्ट्रॉबेरी को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी मूस

कुछ स्ट्रॉबेरी को थोड़ी चीनी के साथ ब्लेंडर में डालें और जब तक चिकना पेस्ट न बन जाए तब तक इसे ब्लेंड करते रहें। अब थोड़ी–सी क्रीम को फेंट लें और उसमें थोड़ा–सा स्ट्रॉबेरी का मिश्रण मिलाएं। इसके बाद एक गिलास में बाकि स्ट्रॉबेरी का पेस्ट डालें, फिर ऊपर से क्रीम डालें। इसी तरह मिश्रण की 3–4 लेयर बना लें। अंत में इस पर स्ट्रॉबेरी गार्निश करें और कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें, फिर इसका सेवन करें।

स्ट्रॉबेरी की कुल्फी

इसे बनाने के लिए सबसे पहले ब्लेंडर में स्ट्रॉबेरी, नींबू का रस, कुछ तुलसी के पत्ते और शहद को डालकर अच्छे से ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में भरकर फ्रिज में रख दें। इसके बाद जब आपको कुल्फी खानी हो तब सांचे को गर्म पानी में हल्का–सा डुबोकर कुल्फी को निकालकर उसका जायका लें। आप चाहें तो कुल्फी की इन 5 रेसिपी को भी ट्राई कर सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी चीज केक

केक के टिन को मक्खन से चिकना करें, फिर इसमें चॉकलेट बिस्कुट का चुरा डालकर चम्मच से दबाएं। इसके बाद टिन को 30 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। अब आवश्यकतानुसार स्ट्रॉबेरी को मिक्सी में पीसें, फिर इसे एक बड़े कटोरे में क्रीम चीज, सॉर क्रीम और चीनी के साथ अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को केक के टिन में डालें, फिर इसे ओवन में 50–55 मिनट के लिए बेक करके इसका स्वाद लें।

स्ट्रॉबेरी और तुलसी का सोडा

गर्मी का मौसम आ गया है और ऐसे में कुछ रिफ्रेशिंग पीने की इच्छा सबसे ज्यादा रहती है। स्ट्रॉबेरी और तुलसी का सोडा आपको भरपूर ऊर्जा देने के साथ सक्रिय रखने में भी मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी, शहद, तुलसी के पत्ते, संतरे का जूस और बाल्समिक सिरका मिलाकर ब्लेंड करें। अब इसमें सोडा पानी और बर्फ डालकर इसे परोसें औक खुद भी इसका आनंद लें।

स्ट्रॉबेरी पेनकेक्स

सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर और दालचीनी मिलाएं। अब एक जग लें और उसमें सोया दूध, वेनिला अर्क और दही को डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर इसमें मैदे वाला मिश्रण मिलाएं। इसके बाद मिश्रण की एक करछी को तेल लगे तवे पर डालें और इसे धीमी आंच पर सुनहरा भूरा होने तक पकाएं। इसी तरह पूरे मिश्रण से पैनकेक बनाकर इनके ऊपर स्ट्रॉबेरी प्यूरी डालें और ताजी स्ट्रॉबेरी को गार्निश करके इसे परोसें।

## रेड आउटफिट में अप्सरा सी नजर आईं मोनालिसा, फैंस ने लाइक्स और कमेंट्स की लगाई बौछार

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस



के दिलों को बेताब किए रहती है। वहीं, रेड आउटफिट में एक्ट्रेस मोनालिसा अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने गोल्डन वर्क के साथ रेड आउटफिट में साड़ी स्टाइल की आउटफिट कैरी कर रखी है। ओपन हेयर स्टाइल और गोल्डन ज्वैलरी में एक्ट्रेस मोनालिसा बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने इस आउटफिट के साथ हैवी मेकअप कर रखा है। इस आउटफिट में एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा इन दिनों भोजपुरी इंडस्ट्री से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन, उनकी फैन फॉलोइंग में कोई कमी नहीं है। मोनालिसा बोल्ड और बिकिनी तस्वीरें शेयर करने में बिल्कुल नहीं झिझकती हैं। फैंस को उनका यही बोल्ड अंदाज काफी पसंद है। मोनालिसा का असल नाम अंतरा बिश्वास है। फिल्मी दुनिया में कदम रखने के बाद अंतरा मोनालिसा बन गईं। साथ ही वो कोलकाता की रहने वाली हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी तस्वीर और वीडियोज का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर भी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। मोनालिसा का इंस्टा पर 5.3 मिलियन फॉलोवर्स फॉलो करते हैं। मोनालिसा की तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए हुए हैं, उनकी तस्वीरें देखकर फैंस अपने दिलों को थामें नजर आ रहे हैं।




## तेलुगू फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक का दमदार ट्रेलर जारी, देखकर भूल जाएंगे कंतारा और केजीएफ




आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली दुनिया भर में नाम और काम का लोहा मनवा चुके हैं। अब तक उनकी हर फिल्म को जबरदस्त प्यार मिला है। ऐसे में अब उनकी एक और तेलुगु ब्लॉकबस्टर छत्रपति के ऑफिशियल हिंदी रीमेक का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर को देखते ही सोशल मीडिया पर इसका खुमार हर तरफ छाया नजर आ रहा है। ये फिल्म 12 मई 2023 को पूरे भारत में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म छत्रपति का ट्रेलर कुछ देर पहले ही सामने आया है। ट्रेलर लॉन्च से पहले श्रीनिवास ने अपने फैंस से मुलाकात की और फिर उनके सामने बरेली के बाजार सॉन्ग पर दमदार परफॉर्मेंस दी। बता दें कि इस फिल्म का ये गाना पहले ही लोगों की फेवरेट लिस्ट में जगह बना चुका है। पेन स्टूडियोज के डॉ. जयंतीलाल गढ़ा द्वारा निर्मित, इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को हाई–ऑक्टेन एक्शन के साथ एंटरटेनमेंट की डबल डोज देता है।

फिल्म में नुसरत भरुचा और श्रीनिवास बेलमकोंडा की केमिस्ट्री के साथ एक और शख्स सबका ध्यान खींच रहा है। फिल्म में बाहुबली में लीड किरदार को हिंदी आवाज देने वाले अभिनेता शरद केलकर भी काफी दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म एस.एस. राजामौली द्वारा बनाई गई इसी सेम नाम की फिल्म की ऑफिशियल रीमेक है, जिसमें प्रभास नजर आए थे। यह फिल्म 12 मई 2023 को देश भर में रिलीज होगी। आपको बता दें कि इस फिल्म से तेलुगु स्टार श्रीनिवास बेलमकोंडा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन वीवी विनायक ने किया है। फिल्म को काफी बड़े स्केल पर बनाया गया है और इसे एसएस राजामौली के पिता और अनुभवी लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद ने लिखा है। गौरतलब है कि वी. विजयेंद्र प्रसाद ने आरआरआर, बाहुबली 1 व 2 और बजरंगी भाईजान जैसी देश की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में काम किया है।

## आइसक्रीम खाने में मजा तो आता है मगर इसके नुकसान जान लीजिए, फिर खाने से पहले सोचेंगे!



गर्मियां शुरू हो गई हैं. तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार करने लगा है. इतनी गर्मी पडने पर बॉडी गर्म होने लगती है. बॉडी का तापमान बढने लगता है. लोग ठंडा रहने के लिए ठंडा पानी पीते हैं या फिर आइसक्रीम खा लेते हैं. ठंडे पेयपदार्थ पीना भी लोग पसंद करते हैं. वहीं कुछ लोग अधिक ठंडा होने के चक्कर में एक दो नहीं, कई सारी आइसक्रीम खा जाते हैं. यदि आप गर्मियों में इतनी आइसक्रीम खा रहे हैं या इन्हें खाने के शौकीन हैं तो इसके नुकसान भी जान लें.

मोटापा होना

कई स्टडी में सामने आया है कि आइसक्रीम में बहुत अधिक शुगर और कैलोरी होती है. यह शरीर में फैट को बहुत तेजी से बढ़ाने का काम करती है. इससे मोटापा तो आता है, साथ ही कई और बीमारी होने का खतरा रहता है. विशेषज्ञों का कहना है कि यदि 3 से 4 आइसक्रीम हर दिन खा लेते हैं तो इससे 1000 से अधिक कैलोरी बॉडी को मिल जाती हैं. यह बेहद परेशान करने वाला है.

हार्ट डिसीज होने का खतरा

आइसक्रीम में सैचुरेटेड फैट पाया जाता है. इससे बॉडी ट्राइग्लिसराइड्स और कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ता है. इससे जहां मोटापे की समस्या बढ़ती है. वहीं, कोलेस्ट्रॉल बढने के कारण हार्ट डिसीज होने का खतरा रहता है. यदि कोई पहले से हाइपरटेंशन का मरीज है तो उसे परेशानी कई गुना अधिक बढ़ सकती है.

ब्रेन पर होता सीधा असर

एक अध्ययन में सामने आया है कि आइसक्रीम में सैचुरेटेड फैट और चीनी अधिक होता है. इस वजह से यह ब्रेन की प्रक्रिया प्रभावित करती है. इससे मैमोरी पॉवर कमजोर होती है. कम से कम आइसक्रीम खाने की कोशिश करनी चाहिए.

डायबिटीक पेशेंट बचकर रहें

जिन लोगों का डायबिटिक लेवल बॉर्डर पर है या फिर डायबिटीज हैं. उन्हें आइसक्रीम नहीं खानी चाहिए. जिनके जेनेटिक डिसऑर्डर बना हुआ है. उन्हें भी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए.

# भाजपा ने आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित नगर पालिका राबर्ट्सगंज के कार्यकर्ता सम्मेलन सिविल लाइन्स रोड होटल सवेरा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ जिसमें बतौर मुख्यअतिथि के रुप में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलिप सिंह पटेल व विशिष्ठ अतिथि के रुप मे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीध्जनपद प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे। सम्मेलन का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि दिलिप पटेल विशिष्ट अतिथि रविन्द्र जायसवाल भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह, विधायक भूपेश चौबे, अनिल कुमार मौर्या, पूर्व प्रदेश संगठन मंत्रीध्पूर्व विधान परिषद सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी,



राबर्ट्सगंज नगर पालिका के प्रत्याशी रुबी प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलिप सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन मे आये कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर यह निश्चित हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी राबर्ट्सगंज नगर पालिका मे जीत निश्चित है। राबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र के कार्यकर्ता कमल खिलाकर ऐतिहासिक रुप से मोदी योगी के हाथों को मजबूत करते हुए राबर्ट्सगंज नगर पालिका के अध्यक्ष एवं सभासदों को अपने मेहनत के बल पर जनता जनार्दन के आशीर्वाद से कमल खिलाने का इतिहास रचेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीध्जनपद प्रभारी रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या, बलिदान से बनी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विचारध्ाारा के लिए लड़ते हैं। भाजपा का कार्यकर्ता मातृभूमि के सम्मान के लिए मोदी–योगी को मजबूत करने के लिए अपने सुखों का परित्याग करता है। सरकार की अनेकों उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की सैकड़ों योजनाओं से जनता भाजपा की ट्रिपल सरकार नगरों में भी बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि आप सब को देखकर लगता है कि राबर्ट्सगंज नगर पालिका मे निश्चित रुप से कमल खिलेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने आये हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया तथा आये हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से नगर पालिका प्रत्याशी पूर्व विधायक रुबी प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, ध्ार्मवीर तिवारी, नगर निकाय चुनाव संयोजक प्रकाश केशरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजीत रावत, जिला संयोजक निकाय चुनाव रामसुन्दर निषाद, मनोज सोनकर, बलराम सोनी, राहुल पटेल, ओमप्रकाश दूबे, विष्णु पासवान, रविन्द्र केशरी, नागेश्वर देव पाण्डेय, ई. रमेश पटेल, आलोक सिंह, सुरेश शुक्ला, संतोष शुक्ला, कमलेश चौबे, राकेश मेहता, अनुपम तिवारी, शंम्भूनारायण सिंह, अनूप तिवारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घोरावल में आचार संहिता के बारे में गोष्ठी आयोजित कर जागरूक किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। नगर पंचायत घोरावल में शुक्रवार को उप जिला



अधिकारी, क्षेत्राधिकारी घोरावल, समस्त रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, थाना अध्यक्ष, चौकी प्रभारी, अधिशासी अधिकारी के उपस्थित में निर्वाचन में प्रतिभाग करने वाले अध्यक्ष पद एवं सदस्य पद के उम्मीदवार व उनके समर्थक तथा मीडिया बंधुओं के उपस्थित में आदर्श आचार संहिता के बारे में गोष्ठी आयोजित कर जागरूक किया गया।

# एसओजी टीम व करमा पुलिस ने तीन अन्तरप्रांतीय शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

## 02 अदद वाहन से 1000 पेटी में 29268 बोतलों में कुल 8865 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत् पुलिस अध्ाीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार के निर्देशन में स्वाटध्एसओजीध् सर्विलांस टीम तथा थाना करमा पुलिस की सयुंक्त टीम गठित की गयी। इस टीम द्वारा अथक लगन व परिश्रम से आसूचना संजाल तैयार किया गया। 05.05.2023 को समय लगभग 05.00 बजे सुबह गठित टीम को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि तस्कर दो वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब की एक बड़ी खेप हरियाणा से बिहार ले जाने वाले है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भरहां माइनर के करीब 500 मीटर मीरजापुर की तरफ रोड के किनारे बहदग्राम डिलाही से दो अदद वाहन क्रमशः **DCM** नं0 **Hr~ 45 B 8303** तथा वाहन संख्या च्ठ 65 ठक् 2167 **ASHOK LEYLANd~** को मय चालक तथा खलासी व भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 47/2023 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# खाट चौपाल के माध्यम से कोलदिहा में राजस्व वादों का निस्तारण

## राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में जानकारी दी गयी



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। ग्राम पंचायत कोलदीहा विकासखंड घोरावाल में खाट चौपाल के माध्यम से राजस्व वादों का निस्तारण व राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही किसान सम्मान निधि और शासन द्वारा चलाइ जा रही योजनाओ की समीक्षा की गयी। बताया गया की जिन किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है उन सभी गाँव के प्रधान को सूची बनाकर आ रही बाधा को चिन्हित करते हुए 1 से 20 मई तक चल रहे विशेष अभियान के बारे में बताया गया. सूची बनाकर आवेदन करते हुए 22 मई को विभागीय कर्मचारी गाँव गाँव जाएंगे और निस्तारण कराएंगे. इस गाँव के किसान शिव लाल पुत्र साढ़ी की समस्या को सूना गया जिनका खतौनी में नाम गलत होने के कारण लाभ न मिल पाने की बात बतायी गयी। इसको दुरुस्त करने के लिए प्रक्रिया बाटाई गयी और सम्बंधित लेखपाल को निर्देशित किया गया. इसके अलावा टैंकर से उपलब्धता की समीक्षा गाँव की जनता से पूछ ताछ कर की गयी और पेयजल का समान रूप से बितरण सुनिश्चित करने के लिये ग्राम प्रधान व सचिव को निर्देशित किया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अमरनाथ चौरसिया, मंगरू और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सर्विलांस सेल ने 50 मल्टीमीडिया मोबाइल सेट बरामद कर स्वामियों को किया सुपुर्द

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल



निर्देशन में जनपद में खोयेधगिरने से सम्बन्धित मोबाइल सेट की बरामदगी करने हेतु क्षेत्राधिकारी अपराध संजीव कटियार के निर्देशन में सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह व प्रभारी एसओजी शेषनाथ पाल के नेतृत्व में सर्विलांस सेल में मोबाइल रिकवरी टीम गठित किया गया। सर्विलांस सेल टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुये 50 मल्टीमीडिया मोबाइल सेट को सफलता पूर्वक बरामद किया गया जिनकी कुल कीमत लगभग 06 लाख रुपये है। बरामद किये गये 50 मोबाइल सेटों को पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह प्रभारी, सर्विलांस सेल, निरीक्षक शेषनाथ पाल, प्रभारी एसओजी, हे0का0 जगदीश मौर्या, हे0का0 शशिप्रताप सिंह, हे0का0 अमर सिंह, हे0का0 अतुल सिंह, का0 सतीश पटेल, का0 रितेश पटेल, का0 प्रेम प्रकाश चौरसिया, का0 अजीत यादव एसओजीध्स्वाट टीम का0 प्रकाश कुमार सिंह, का0 सौरभ राय, का0 अमित कुमार सिंह सर्विलांस सेल रहे।

# पीठासीन अधिकारी पर बैलेट पेपर पर मुहर लगाने का आरोप

देवरिया। शहर के वार्ड नंबर–13 सिंधी मिल कॉलोनी के बूथ नंबर–73 पर एक पीठासीन अधिकारी पर बैलेट पेपर पर मुहर लगाने का आरोप लगाते हुए मतदाताओं ने हंगामा कर दिया। काफी देर तक माहौल गहमा–गहमी में तब्दील रहा। मौके पर पहुंचे एसडीएम सौरभ सिंह ने जांच पड़ताल कर मामले को शांत कराया। इसको लेकर मतदाताओं और मतदान कर्मचारियों में नोकझोंक भी हुई।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

